No. of Printed Pages : 7

# 2012

## सामान्य ज्ञान

## GENERAL KNOWLEDGE

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [ अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three hours ]** **[ Maximum marks : 200**

**नोट :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने इंगित हैं ।

**Note :** (i) **All** questions are compulsory.

(ii) Marks carried by each question are indicated against it.

1. (अ) भ्रष्ट लोक कर्मचारियों की संपत्ति को कुर्क एवं जब्त करने की माँग उठाई जा रही है । यह कहाँ तक न्यायपूर्ण एवं विधिसम्मत है ? (शब्द सीमा : **150**) **10**

(ब) मुल्लापेरियार बाँध विवाद की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए । (शब्द सीमा : **150**) **10**

(a) There is a demand to attach and confiscate the property of corrupt public servants. How far it is justifiable and lawful ? (Word limit : **150**)

(b) Examine critically the Mullaperiyar Dam dispute. (Word limit : **150**)

2. (अ) (i) संस्कृत साहित्य के विकास में अकबर एवं दारा शिकोह के अवदान को रेखांकित कीजिये । (शब्द सीमा : **75**) **5**

(ii) भारतीय नारी की स्थिति के उन्नयन में उन्नीसवीं शताब्दी के सुधारात्मक आन्दोलनों की भूमिका का विवेचन कीजिये । (शब्द सीमा : **150**) **10**

(ब) (i) सीरिया के साथ मौर्यों के कूटनीतिक सम्बन्ध थे । अशोक के समकालीन सीरिया के शासक का नाम बताइए । **1**

(ii) औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा शक्ति का नियंत्रण किसके हाथ में था ? **1**

(iii) उन दो साप्ताहिक पत्रों का नाम बताइए जिनके सम्पादक तिलक थे । **1**

(iv) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन की अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी ? **1**

(v) गोवा कैसे और कब भारतीय गणतंत्र में समाविष्ट हुआ ? **1**

(a) (i) Underline the contribution of Akbar and Dara Shikoh towards the development of Sanskrit literature. (Word limit : **75**)

(ii) Discuss the role of the Nineteenth century reformist movements in improving the condition of Indian women. (Word limit : **150**)

(b) (i) The Mauryan had diplomatic relations with Syria. Name the Syrian ruler, who was Ashoka's contemporary.

(ii) Who was controlling the Maratha power at the time of the death of Aurangzeb ?

(iii) Name the two weekly papers of which Tilak was the editor.

(iv) Which session of Indian National Congress was presided over by Mahatma Gandhi ?

(v) How and when did Goa become a part of the Indian Republic ?

3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : (प्रत्येक की शब्द सीमा : **50**) **20**

(i) अन्तर्राज्य परिषद्

(ii) भुगतान-निर्भर समाचार

(iii) राष्ट्रीय ग्रामीण जीविका मिशन

(iv) कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना

(v) वरिष्ठ नागरिकों के लिये राष्ट्रीय नीति

Write short notes on the following : (Word limit : **50** each)

(i) Inter-state Council

(ii) Paid News

(iii) National Rural Livelihood Mission

(iv) Kudankulam Nuclear Power Project

(v) National Policy for Senior Citizens

4. (अ) बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ? (शब्द सीमा : **150**) **10**

(ब) भारत तथा आसिआन (ASEAN) के सम्बन्ध एवं उसके महत्त्व का विवेचन कीजिये । (शब्द सीमा : **150**) **10**

(a) What measures have been taken to curb child labour ? (Word limit : **150**)

(b) Discuss India-ASEAN relationship and its significance. (Word limit : **150**)

5. (i) भारतीय संविधान में सन्निहित मूल कर्तव्यों के महत्त्व का विवेचन कीजिये । (शब्द सीमा : **50**) **5**

(ii) राजनैतिक पार्टियों के पंजीकरण के लिये नवीनतम परिवर्धित नियम क्या हैं ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(iii) संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण आश्वासित है । यह अधिकार क्या भारत में रहने वाले विदेशियों को भी प्राप्त है ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(iv) क्या लोक अदालतें सामान्य न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार कार्य करती हैं ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(i) Discuss the significance of Fundamental Duties incorporated in the Indian Constitution. (Word limit : **50**)

(ii) What are the latest revised norms for registration of political parties ? (Word limit : **50**)

(iii) Article 21 of the Constitution guarantees protection of life and personal liberty. Is this right available to foreign nationals staying in India ? (Word limit : **50**)

(iv) Do Lok Adalats follow normal judicial procedure ? (Word limit : **50**)

6. (i) भारत में किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बारे में आपके क्या विचार हैं ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(ii) विश्व टी.बी. दिवस कब और किस उद्देश्य से मनाया जाता है ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(iii) भारत में स्थित विश्व धरोहर स्थलों के बारे में एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । (शब्द सीमा : **50**) **5**

(iv) संविधान के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकरणों के सम्बन्ध में क्या प्रावधान निश्चित किए गए हैं ? (शब्द सीमा : **50**) **5**

(i) What are your views regarding the issue of suicide by farmers in India ? (Word limit : **50**)

(ii) When and with what objectives World TB Day is observed ? (Word limit : **50**)

(iii) Write a brief note on the World Heritage Sites in India. (Word limit : **50**)

(iv) What are the provisions in the Constitution regarding administrative tribunals ? (Word limit : **50**)

7. (अ) निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ लिखिये : (शब्द सीमा : **50** प्रत्येक) **15**

(i) अग्नि-V
(ii) जी सैट-12
(iii) केपलर 22 बी
(iv) ड्रैकुला थेरेपी
(v) मिशन आदित्य

(ब) निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिये : 5

(i) डी आर डी ओ (DRDO)

(ii) आई आई डी ई एम (IIDEM)

(iii) एन ए बी ए आर डी (NABARD)

(iv) एन जी आर बी ए (NGRBA)

(v) पी एम ए जी वाई (PMAGY)

(a) Write explanatory notes on the following : (Word limit : **50** each)

(i) Agni-V

(ii) GSAT-12

(iii) Keplar 22b

(iv) Dracula Therapy

(v) Mission Sun

(b) Write the full form of the following :

(i) DRDO

(ii) IIDEM

(iii) NABARD

(iv) NGRBA

(v) PMAGY

8. (अ) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिये : (शब्द सीमा : **50** प्रत्येक) 10

(i) दुब्बि ज्वालामुखी

(ii) फकुशिमा आपदा

(iii) वोस्तोक झील

(iv) माजूली द्वीप

(v) स्टॉर्म वाशी

(ब) निम्नलिखित व्यक्ति चर्चा में क्यों रहे ? (शब्द सीमा : **25** प्रत्येक) 10

(i) बिनायक सेन

(ii) भूपेन हजारिका

(iii) मोहन धारिया

(iv) आउंग सान सू की

(v) जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक

(vi) एडम जी. रीस

(vii) ब्रूस ए. ब्यूटलर

(viii) व्लाडिमिर पुतिन

(ix) यिंगलुक शिनावत्रा

(x) योशिहिको नोडा

(a) Write notes on the following : (Word limit : **50** each)

(i) Dubbi Volcano

(ii) Fakushima Disaster

(iii) Lake Vostok

(iv) Majuli Island

(v) Storm Washi

(b) Why have the following been in the news ? (Word limit : **25** each)

(i) Binayak Sen

(ii) Bhupen Hazarika

(iii) Mohan Dharia

(iv) Aung San Suu Kyi

(v) Jigme Khesar Namgyel Wangchuk

(vi) Adam G. Riess

(vii) Bruce A. Beutler

(viii) Vladimir Putin

(ix) Yingluck Shinawatra

(x) Yoshihiko Noda



P.T.O.

9. (अ) 2011 जनगणना के अनन्तिम आंकड़ों के आधार पर बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान एवं गुजरात राज्यों की स्थिति को निम्नलिखित के संदर्भ में अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये : 10

(i) लिंगानुपात

(ii) साक्षरता

(ब) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिये : (शब्द सीमा : **50** प्रत्येक) 10

(i) नेशनल मिशन फॉर जस्टिस डिलिवरी एण्ड लीगल रिफॉर्म

(ii) संविधान का 95वां संशोधन

(iii) राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

(iv) राष्ट्रीय गणित दिवस

(v) नेशनल कमीशन फॉर हायर एजूकेशन एण्ड रिसर्च

**(a)** Based on the provisional figures of 2011 Census arrange the States Bihar, Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan and Gujarat in descending order in respect of the following :

(i) Sex Ratio

(ii) Literacy

**(b)** Write notes on the following : (Word limit : **50** each)

(i) National Mission for Justice Delivery and Legal Reform.

(ii) Ninety-fifth Amendment to the Constitution.

(iii) National Science Day

(iv) National Mathematics Day

(v) National Commission for Higher Education and Research

10. (अ) निम्नलिखित देशों की सीमा से लगे भारतीय राज्यों के नाम बताइए : 10

(i) बांग्लादेश

(ii) चीन

(iii) नेपाल

(iv) म्यांमार

(v) अफगानिस्तान

(ब) निम्नलिखित किस राज्य में अवस्थित हैं एवं उनका क्या महत्त्व है ? (शब्द सीमा : **25** प्रत्येक) **10**

(i) एलोरा

(ii) कॉरबेट नेशनल पार्क

(iii) गुलमर्ग

(iv) हम्पी

(v) जुन्नर

(vi) कोणार्क

(vii) महाबलिपुरम्

(viii) पोरबंदर

(ix) सीरपुर

(x) सुन्दरबन

(a) Name the Indian States bordering the following countries :

(i) Bangladesh

(ii) China

(iii) Nepal

(iv) Myanmar

(v) Afghanistan

(b) In which States are the following situated and what is their importance ? (Word limit : **25** each)

(i) Ellora

(ii) Corbett National Park

(iii) Gulmarg

(iv) Hampi

(v) Junnar

(vi) Konark

(vii) Mahabalipuram

(viii) Porbandar

(ix) Sirpur

(x) Sundarban

---

No. of Printed Pages : 2

# 2012

# LANGUAGE

**Time allowed : Three hours ]** **[ Maximum marks : 200**

**Note :** **All** questions are compulsory. Choice has been given only in Question No. **1**. Marks are allotted against each question.

1. Write an essay in English on any **one** of the following topics in about **500** words : **60**

   (a) Disaster Management and Natural Calamities.

   (b) Special laws for the trans-genders.

   (c) Useless laws weaken necessary ones.

2. Make a précis of the following passage in your own words in about one-third of the original passage and suggest a suitable title to it : **2 + 58 = 60**

In the Indian Parliamentary system, the office of the President is like a "pivot" that joins the two wheels, namely the legislature and the executive, although his role is not so "pivotal". As stated earlier, the parliamentary system belies the doctrine of strict separation of powers. Recall that, it is based on the fusion of powers wherein the executive is a part of the legislature. The office of the President is a constitutional conjunction where the legislative and the executive organs meet. At this, all executive powers are constitutionally vested in him (Article 53). On the other hand, the President of India is also an integral component of the Indian Parliament (Article 79). No bill without the assent of the President can become a law. The President has the power to summon either House of the Parliament, prorogue either House, and dissolve the Lower House. In addition to these, the President has also the power to legislate while the Houses are not in session. This will form the basic premise on which the legislature-executive relations will be discussed.



P.T.O.

In our system, all governmental functions are carried in the name of the President. Article 74 of the Constitution puts on the President strict limitations on the exercise of executive powers. Prior to the 42nd Amendment, 1976, there was a little bit of ambiguity contained in this Article. It was argued that the President is not bound to render conformity to the ministerial advice. It was no secret that President (Dr.) Rajendra Prasad had disagreements on many issues with Prime Minister Nehru. The disagreement erupted into the public arena. Public statements made by the President amounted to veiled criticism of the government. Harnessing the ambiguity seemingly inherent to Article 74, Dr. Prasad ignited a public debate and called for the legal scrutiny of the President's power. The Indira Gandhi government by the 42nd Amendment, 1976, made it obligatory upon the President to act upon the ministerial advice. The 44th Amendment, 1978, empowered the President to revert the advice for reconsideration.

Most of the Presidents after Dr. Rajendra Prasad were far more restrained. The main issue here is whether Presidential activism is good or bad. Does it hurt Parliamentary sentiments ? **(Total 419 words)**

3. Translate the following passage into English : **40**

यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि किसी भी स्तर की अदालतों में न्यायाधीशों के पद रिक्त न रहें । यह एक तथ्य है कि उच्चतम न्यायालय से लेकर निचली अदालतों में न्यायाधीशों के तमाम पद रिक्त पड़े हैं । ये रिक्त पद न्याय की गति को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं । हमारे देश की छोटी-बड़ी अदालतें मुकदमों के बोझ तले दबी हुई हैं । एक अनुमान के अनुसार तीन करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं । स्पष्ट है कि इससे भी अधिक संख्या में लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत होंगे । इतने अधिक लंबित मामलों को देखते हुए जरूरत केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की ही नहीं बल्कि उनकी संख्या बढ़ाने की भी है । उच्चतम न्यायालय लोगों को समय पर न्याय उपलब्ध कराने के लिए अपने स्तर पर जो पहल कर रहा है उसमें केन्द्र और राज्यों को सक्रिय सहयोग देने के लिए आगे आना चाहिए ।

4. Translate the following passage into Hindi : **40**

Those who have been awarded life imprisonment are supposed to spend the remaining years of their life behind bars. In practice, however, life imprisonment means incarceration for fourteen years when lifers become entitled to remission of the rest of the sentence as per Prison Manual provisions. That might change now as the apex court seeks to balance the growing judicial aversion towards imposing death penalty with the need to deter brutally heinous crimes. In potentially trend-setting two recent verdicts a Supreme Court bench set aside the death penalty imposed on two appellants who were convicted of heinous murders in their respective cases and had appealed against their capital punishment. However, while sentencing the appellants to life imprisonment, the bench specifically observed that the appellants must serve a minimum of thirty years in jail before their respective cases for premature release be taken up for any consideration.

---

No. of Printed Pages : 4

# 2012

## विधि

**(अधिष्ठायी विधि)**
**प्रथम प्रश्न पत्र**

## LAW

**(Substantive Law)**
**First Paper**

**निर्धारित समय : तीन घंटे ]** **[ अधिकतम अंक : 200**

**Time allowed : Three hours ]** **[ Maximum marks : 200**

**निर्देश :** अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या **1** और **2** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करें । कुल छः प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित है ।

**Note :** Candidates have to attempt question Nos. **1** and **2** and not more than **four** of the remaining ones. Attempt **six** questions in all. Marks carried by each question are indicated at its end.

1. (अ) संविधान के अनुच्छेद 13 के खण्ड (1) और खण्ड (2) के संदर्भ में पृथक्करण के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए ।

बम्बई मद्य निषेध अधिनियम, 1949 की आठ धाराओं को इस आधार पर अधिकारातीत घोषित किया गया है कि उनसे नागरिकों के मूल अधिकारों का अतिक्रमण होता है । क्या शेष अधिनियम बना रह सकता है ? 15

(ब) "भारत के संविधान का अनुच्छेद 14 वर्ग विधायन का प्रतिषेध करता है, किन्तु वर्गीकरण का प्रतिषेध नहीं करता है ।" व्याख्या कीजिए ।

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 118 केवल क्रिश्चियनों पर धार्मिक या पूर्त प्रयोजनों के लिए वसीयत के मामलों में निर्बन्धन लगाती है । अनुच्छेद 14 की कसौटी पर इस उपबंध की सांविधानिकता का परीक्षण कीजिए । 15

(स) *मेनका गांधी* बनाम *भारत संघ*, ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 597 पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए । 10

(द) राष्ट्रपति और राज्यपाल की संविधान के क्रमशः अनुच्छेद 72 और 161 के अधीन क्षमा आदि और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्तियों की परिधि पर प्रकाश डालिए । 10

(a) Explain the rule of severability with reference to clauses (1) and (2) of Article 13 of the Constitution.

Eight sections of Bombay Prohibition Act, 1949 are declared *ultra vires* on the ground that they infringed the Fundamental Rights of citizens. Can the rest of the Act survive ?

(b) "Article 14 of the Constitution of India forbids class legislation, but does not forbid classification." Explain.

Section 118 of the Indian Succession Act, 1925 imposes restrictions on Christians alone in the matter of bequest to religious or charitable purposes. Examine the constitutionality of this provision on the touchstone of Article 14.

(c) Write a critical note on *Maneka Gandhi vs. Union of India,* AIR 1978 SC 597 case.

(d) Discuss the scope of powers of the President and of the Governor under Articles 72 and 161 respectively relating to grant of pardons, etc., and to suspend, remit or commute sentences in certain cases.

2. (अ) संक्षेप में उन आधारों पर प्रकाश डालिए जिन पर हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन विवाह-विच्छेद की डिक्री प्राप्त हो सकती है ।

"क" इस आधार पर कि वह अपनी पत्नी जिसके साथ सामूहिक बलात्कार हुआ है समाज में नहीं जा सकता है और उसके साथ जाना एक प्रकार की क्रूरता है, विवाह-विच्छेद के लिए अर्जी (पिटीशन) दाखिल करता है । निर्णय कीजिए । **10**

(ब) 'बिना प्रतिफल के करार शून्य होता है व्याख्या कीजिए । इस नियम के क्या अपवाद हैं ? बताइए । **10**

(स) बंधककर्ता के मोचन के अधिकार पर एक टिप्पणी लिखिए । क्या वह इस अधिकार का प्रयोग बंधक की अवधि पूरी होने से पहले कर सकता है ? निर्णयज विधि का संदर्भ दीजिए । **10**

(a) Discuss in brief, various grounds on which a decree of divorce may be granted under the Hindu Marriage Act, 1955.

"A" files a petition for divorce on the ground that he cannot move in society with his wife who had been gang raped and it is a kind of cruelty on him. Decide.

(b) 'An agreement without consideration is void' explain. What are the exceptions to this rule ?

(c) Write a note on the right of redemption of mortgagor. Can he exercise this right before the expiry of the term of mortgage ? Refer to case law.

3. (अ) शाश्वतता के विरुद्ध नियम की व्याख्या कीजिए । क्या इस नियम का कोई अपवाद है ? उल्लेख कीजिए । **20**

(ब) 'म' जो एक आवास सोसाइटी का सदस्य है, सोसाइटी से एक भूखंड खरीदता है और बाद में उसे 'द' को जो सोसाइटी का सदस्य नहीं है, बेच देता है । सोसाइटी की उप-विधियों में ऐसा अन्तरण अनुज्ञात नहीं है । 'म' का कहना है कि सोसाइटी की यह उप-विधि सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 10 का उल्लंघन करती है । निर्णय कीजिए । **10**

(a) Explain the rule against perpetuity. Are there any exceptions to this rule ? Discuss.

(b) "M", a member of a housing society purchases a plot and later on sells it to "D", a non-member. Under the bye-laws of the society, such transfer is not permitted. "M" claims that the bye-law of the society infringes Section 10 of the Transfer of Property Act. Decide.

4. (अ) 'न्यास' शब्द की व्याख्या कीजिए और निष्पाद्य न्यास और निष्पादित न्यास में अन्तर बताइए । न्यास के सृजन पर भी प्रकाश डालिए । 20

(ब) क्या निम्नांकित में न्यास का सृजन होता है ?

(i) "क" कुछ सम्पत्ति "ख" को इस आशा से वसीयत (विल) करता है कि संपत्ति परिवार के पास रहेगी । 5

(ii) "क" इस पूर्ण विश्वास के साथ कुछ संपत्ति वसीयत (विल) के द्वारा "ख" को देता है कि वह उसका निपटारा "ग" के लाभ के लिए करेगा । 5

(a) Explain the term 'trust' and point out the distinction between executory trust and executed trust. Also discuss the method of creation of a trust.

(b) Point out if a trust is created in the following cases :

(i) "A" wills some property to "B" with the hope that the property will always be retained in the family.

(ii) "A" by will gives some property to "B" with full confidence that he will dispose it of for the benefit of "C".

5. (अ) साझेदारी फर्म में साझेदारों के अधिकारों और दायित्वों पर प्रकाश डालिए । क्या कोई अवयस्क साझेदार हो सकता है ? उसके दायित्व भी बताइए । 15

(ब) भारतीय न्यास अधिनियम में हितग्राही के क्या अधिकार हैं ? सविस्तार विवेचना कीजिए । 15

(a) Discuss the rights and liabilities of partners of a partnership firm. Can a minor become a partner ? Discuss his liabilities also.

(b) What are the rights of a beneficiary as given in the Indian Trust Act ? Discuss in detail.

6. (अ) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 में दिए जाने वाले निवारक अनुतोष की प्रकृति और स्वभाव पर प्रकाश डालिए । 15

(ब) सुखाचार की परिभाषा बताइए और इसके प्रमुख लक्षणों की विवेचना कीजिए । 15

(a) Discuss the nature and character of preventive relief granted under the Specific Relief Act, 1963.

(b) Define easement and point out its main characteristics.

7. (अ) *हेडले* बनाम *बैक्सनडेल* के वाद में प्रतिपादित नियम की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए । 15

(ब) मानहानि के अपकृत्य के अवयव बताइए । मानहानि के मामले में क्या बचाव उपलब्ध है ? उनकी व्याख्या कीजिए । 15

(a) Critically discuss the rule laid down in the case of *Hadley* v. *Baxendale*.

(b) Discuss the ingredients of the tort of defamation. What defences are available in an action for defamation ? Discuss.

8. (अ) उन आधारों का उल्लेख कीजिए जिन पर एक मुसलमान पत्नी विवाह का विघटन करा सकती है । 15

(ब) हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम, 1956 के अधीन अवयस्क के नैसर्गिक संरक्षक कौन हैं और उनकी क्या शक्तियाँ हैं ? क्या किसी अवयस्क की माता उसके पिता के जीवित रहते उसकी प्रथम या समान संरक्षक बन सकती है ? व्याख्या कीजिए । 15

(a) Discuss the grounds on which a Muslim wife can seek a dissolution of her marriage.

(b) Who are the natural guardians of a minor under the Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 and what are their powers ? Can the mother of a minor become first or equal guardian when the father is alive ? Explain.

9. (अ) *राइलैंड* बनाम *फ्लेचर* के वाद में निर्धारित कठोर दायित्व के सिद्धान्त की सविस्तार व्याख्या कीजिए । क्या भारत में इस नियम को रूपान्तरित किया गया है ? व्याख्या कीजिए । **15**

(ब) "म" के जन्म के मात्र छः महीने बाद उसके पिता की मृत्यु हो गई । जब वह पाँच वर्ष का था, उसकी माता ने दूसरा विवाह कर लिया । "म" के दादा ने संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के अधीन "म" की संरक्षकता के लिए अर्जी दी और यह दावा किया कि माता द्वारा दूसरा विवाह करना उसे "म" की अभिरक्षा से वंचित करता है । निर्णय कीजिए । **15**

(a) Discuss fully the rule of strict liability laid down in *Rylands* v. *Fletcher*. Has this rule been modified in India ? Discuss.

(b) "M" barely six months after birth, lost his father. When he was five years, his mother remarried. The grandfather of "M" moved an application for guardianship of the minor "M" under the Guardians and Wards Act, 1890. It was claimed that second marriage of the mother disentitled her to "M's" custody. Decide.

10. निम्नलिखित समस्याओं में से किन्हीं **तीन** को हल कीजिए :

(अ) "म", "ह" की अविवाहित पुत्री है और उसकी आयु 27 वर्ष है । वह अपना भरण-पोषण नहीं कर सकती है इसलिए अपने पिता "ह" से भरण-पोषण की माँग करती है । क्या वह हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अधीन भरण-पोषण पा सकती है ? **10**

(ब) "क" अवयस्क मुसलमान "ग" की माता है और "ग" की आवश्यकताओं और लाभ के लिए उसकी स्थावर सम्पत्ति को बेचती है । "क", "ग" की वास्तविक संरक्षक है । इस विक्रय की वैधता बताइए । **10**

(स) "ब" एक मुर्गी का पीछा करते हुए "स" की दीवार पर चढ़ता है । जब वह "स" के बगीचे में था, उसे "स" के द्वारा लगाई गई एक स्प्रिंग-गन से क्षति हो गई । इस गन के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई थी । "ब" नुकसानी के लिए दावा करता है । निर्णय कीजिए । **10**

(द) "क" ने "ख" के साथ एक करार किया और उसे अपने एक वाद में सफलता के लिए शिवजी की पूजा और अर्चना के लिए नियुक्त किया और वाद में सफल होने पर ₹ 10,000 देने का वचन दिया । वाद एक समझौते के द्वारा समाप्त हो गया और "क" को आशा से अधिक धन मिला । "क", "ख" को ₹ 10,000 देने से इनकार करता है । इसलिए "ख", "क" के विरुद्ध वाद संस्थित करता है । निर्णय कीजिए । **10**

Solve any **three** problems given below :

(a) "M" is unmarried daughter of "X" and is of 27 years of age. She claims maintenance from her father as she is not able to maintain herself. Is she entitled to maintenance under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 ?

(b) "A" is mother of a minor Muslim "B". She sells "B's" immovable property for his necessities and benefit. "A" is *de facto* guardian of "B". Discuss the validity of the sale.

(c) "B" climbed over "C's" wall in pursuit of a fowl. While in "C's" garden, an injury was caused to him by a spring-gun set by "C" without any notice. "B" files a suit for damages. Decide.

(d) "M" entered into an agreement with "B" and engaged him for the purpose of performing puja and offering prayers to Lord Shiva for "M's" success in a suit and promised to pay ₹ 10,000 to "B" in the event of success. The suit ended into compromise under which "M" obtained a substantial sum, much beyond his expectations. "M" refuses to pay ₹ 10,000 to "B". "B" files a suit against "M". Decide.

---

No. of Printed Pages : 7 Sr. No.

# 2012

## विधि (प्रक्रिया एवं साक्ष्य), द्वितीय प्रश्न पत्र

## LAW (Procedure and Evidence), Second Paper

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [ अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three hours ] [ Maximum marks : 200**

**नोट :** अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या 1 तथा **चार** अन्य प्रश्न करने हैं । प्रत्येक खण्ड से कम से कम **एक** प्रश्न अवश्य करें । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

**Note :** Candidates should attempt question No. **1** and **four** more. At least one question must be attempted from each group. Marks carried by each question are indicated at its end.

1. (अ) 18 जुलाई, 2005 को राधेश्याम गुप्ता ने संजय अग्रवाल जो एक व्यापारी था, के विरुद्ध एक फौजदारी परिवाद दाखिल किया । परिणामस्वरूप संजय अग्रवाल को जेल में रहना पड़ा और उसका व्यापार प्रभावित हुआ । 12 दिसम्बर 2005 को दण्ड न्यायालय ने संजय अग्रवाल को इस आधार पर दोषमुक्त कर दिया कि उसके खिलाफ परिवाद झूठा एवं आधारहीन था । संजय अग्रवाल राधेश्याम गुप्ता के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण अभियोजन के लिए वाद लाना चाहते हैं ।

   उपर्युक्त तथ्यों के प्रकाश में संजय अग्रवाल के लिए एक वाद पत्र तैयार कीजिए । **20**

   (ब) उपर्युक्त प्रश्न (अ) के वाद-पत्र के उत्तर में प्रतिवादी राधेश्याम गुप्ता के लिए एक लिखित कथन का प्रारूप लिखिये । **20**

   (a) On July 18, 2005 Radhey Shyam Gupta had instituted a criminal complaint against Sanjay Agarwal, who was a businessman. Consequently Sanjay Agarwal had to remain in jail and his business was affected. On Dec. 12, 2005 trial Court acquitted Sanjay Agarwal on the ground that the complaint against him was false and baseless. Sanjay Agarwal wants to file a suit for malicious prosecution against Radhey Shyam Gupta.

   In the light of the fact stated above draft a plaint for Sanjay Agarwal.

   (b) Draft a written statement on behalf of Radhey Shyam Gupta in response to the plaint in question (a).

**अथवा / OR**

'ब' को अपराधिक षड्यन्त्र के लिए दोषसिद्ध ठहराए जाने के आशय से 'अ' एक पत्र 'ब' के हस्तलेख की अनुकृति करके लिखता है, जिससे यह तात्पर्यित है कि 'ब' ने उसे ऐसे अपराधिक षड्यन्त्र के सहअपराधी को सम्बोधित किया है और उस पत्र को ऐसे स्थान पर रख देता है, जिसके सम्बन्ध में वह जानता है कि पुलिस ऑफिसर सम्भवत: उस स्थान की तलाशी लेंगे ।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर एक आरोप-पत्र तैयार कीजिए और दोषसिद्ध करते हुए एक निर्णय लिखिए । **40**

'A' with the intention of causing 'B' to be convicted of a criminal conspiracy writes a letter imitating 'B's handwriting, purporting to be addressed to an accomplice in such criminal conspiracy and puts the letter in a place which he knows that the police officer is likely to search.

On the basis of the facts stated above frame a charge and write a judgement of conviction.

## खण्ड – अ

## Group – A

2. (अ) 'अ' एक वाद यह घोषित करने के लिए प्रस्तुत करता है कि वह 'ब' का उत्तराधिकारी होने से कुछ भूमि का हकदार है । वाद खारिज कर दिया जाता है । क्या वह दूसरे वाद में उस सम्पत्ति को प्रतिकूल कब्जा के आधार पर दावा कर सकता है ? व्याख्या कीजिए । **20**

(ब) किसी सिविल वाद में संयुक्त वादी एवं प्रतिवादी बनाने के नियमों को उदाहरण सहित समझाइए । **10**

(स) "अभिवचन में तात्त्विक तथ्यों का, न कि साक्ष्य का, कथन होगा ।" विवेचना कीजिए । **10**

(a) 'A' files a suit for declaration that he is entitled to certain lands as heir of 'B'. The suit is dismissed. Can he claim, in later suit, title to the same property on the basis of adverse possession ? Explain.

(b) Explain and illustrate the rules relating to joinder of plaintiffs and defendants in civil suit.

(c) "Pleading to state material facts and not evidence". Explain.

3. (अ) किन परिस्थितियों में प्रतिवादी की सम्पत्ति वाद के निर्णय के पूर्व ही कुर्क की जा सकती है ? **20**

(ब) सिविल प्रक्रिया संहिता में निष्पादन कार्यवाही में सम्पत्ति की कुर्की तथा विक्रय सम्बन्धी प्रावधानों की विवेचना कीजिए । **10**

(स) आन्वयिक प्रान्ड्न्याय की व्याख्या करिए । **10**

(a) In what circumstances the property of defendant can be attached before judgement ?

(b) Discuss the provisions of Civil Procedure Code regarding the attachment and sale of property in execution proceedings.

(c) Explain constructive res-judicata.

4. (अ) उन प्रावधानों का उल्लेख करिए जिनसे वाद प्रस्तुत करने का स्थान निर्धारित होता है । 20

(ब) एक मकान के सम्बन्ध में 'अ' एवं 'ब' में वाद चला । वाद में 'अ' विजयी हुआ और मकान पर कब्जा भी प्राप्त कर लिया । 'ब' ने अपील प्रस्तुत की और अपील में विजयी हुआ, किन्तु 'अ' ने उसे मकान का कब्जा वापस नहीं किया । 'ब' द्वारा मकान पर कब्जा प्राप्ति हेतु विधिक प्रक्रिया की विवेचना कीजिए । 10

(स) सरकार द्वारा या उसके विरुद्ध वाद लाने की प्रक्रिया का परीक्षण कीजिए । 10

(a) Enumerate the provisions by which place of sueing is determined.

(b) There was suit between 'A' and 'B' regarding a house. 'A' won the suit and also obtained the possession of the house. 'B' filed an appeal and he won in appeal. 'A' however did not return the possession of the house to 'B'. Explain the legal procedure to obtain the possession of the house by 'B'.

(c) Examine the procedure for bringing suit by or against the Government.

## खण्ड – ब

## Group – B

5. (अ) उपधारणा से आप क्या समझते हैं ? उपधारणा के प्रकारों की चर्चा करिए । 20

(ब) 'क' अपनी पत्नी 'ग' के साथ जारकर्म करने के लिए 'ख' का अभियोजन करता है । 'ख' इस बात का प्रत्याख्यान करता है कि 'ग' 'क' की पत्नी है । किन्तु न्यायालय 'ख' को जारकर्म के लिए दोषसिद्ध करता है । तत्पश्चात् 'क' के जीवनकाल में 'ख' के साथ विवाह करने पर 'ग' द्वि-विवाह के लिए अभियोजित की जाती है । 'ग' कहती है कि वह 'क' की पत्नी कभी नहीं थी । क्या 'ख' के विरुद्ध दिया गया निर्णय 'ग' के विरुद्ध सुसंगत है ? सुसंगत प्रावधानों की सहायता से समझाइए । 10

(स) 'क' पर 'ख' की ख्याति को अपहानि करने के आशय से एक लाँछन प्रकाशित करके 'ख' की मानहानि करने का अभियोग है । क्या यह तथ्य कि 'ख' के बारे में 'क' ने पूर्व प्रकाशन किए जिनसे 'ख' के प्रति 'क' का वैमनस्य दर्शित होता है, सुसंगत है ? 10

(a) What do you mean by presumption ? Discuss the kinds of presumption.

(b) 'A' prosecuted 'B' for adultery with 'C' 'A's wife. 'B' denies that 'C' is A's wife, but the Court convicts 'B' for adultery. Afterwards, 'C' is prosecuted for bigamy in marrying 'B' during 'A's lifetime. 'C' says that she never was 'A's wife. Whether the judgement against 'B' is relevant as against 'C'. Explain with the help of relevant provisions.

(c) 'A' is accused of defaming 'B' by publishing an imputation intended to harm the reputation of 'B'. Whether the facts of previous publication by 'A' respecting 'B', showing ill-will on the part of 'A' towards 'B' is relevant ?

6. (अ) 'सबूत के भार' से सम्बन्धित विधि की व्याख्या करिए । क्या सिविल मामलों के सम्बन्ध में सबूत का भार अपराधिक मामलों के सबूत के भार से भिन्न होता है ? विवेचना कीजिए । 20

(ब) 'क' के साथ की गई सेवा की संविदा को भंग करने के लिए 'ग' को उत्प्रेरित करने के कारण 'ख' पर 'क' वाद लाता है । 'क' की नौकरी छोड़ते समय 'क' से 'ग' कहता है कि "मैं तुम्हें छोड़ रहा हूँ, क्योंकि 'ख' ने मुझे तुमसे अधिक अच्छी प्रतिस्थापना की है ।" क्या 'ग' का यह कथन सुसंगत है ? 10

(स) किसी साक्षी से यह पूछा जाता है कि क्या वह किसी ओहदे (पद) से बेईमानी के आधार पर कभी पदच्युत किया गया था । वह इसका प्रत्याख्यान करता है । यह दर्शित करने के लिए कि वह बेईमानी के लिए पदच्युत किया गया था, साक्ष्य प्रतिस्थापित किया जाता है । साक्ष्य की ग्राह्यता का परीक्षण कीजिए । 10

(a) Explain the law relating to 'burden of proof'. Is the law in relation to civil cases different from criminal cases ? Explain.

(b) 'A' sues 'B' for inducing 'C' to breach a contract of service made by him with 'A'. 'C', on leaving 'A's services says to 'A' – "I am leaving you because 'B' had made me a better offer." Whether this statement of 'C' is relevant ?

(c) A witness is asked whether he was ever dismissed from a post on the ground of dishonesty. He denies it. Evidence is offered to show that he was dismissed for dishonesty. Examine the admissibility of evidence.

7. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) न्यायिक कार्यवाही

(ii) साक्षी की विश्वसनीयता पर अधिक्षेप

(iii) सह-अपराधी का साक्ष्य

(iv) विवाद्यक तथ्य 20

(ब) कारण सहित उत्तर दीजिए :

'क' पर किसी अन्य व्यक्ति को कूटकृत सिक्का कपटपूर्वक परिदान करने का अभियोग है, जिसे वह परिदान करते समय जानता था कि वह कूटकृत है । क्या यह तथ्य कि उसके परिदान के समय 'क' के कब्जे में वैसे ही दूसरे सिक्के थे, सुसंगत है ? 10

(स) प्रश्न यह है कि 'क' के जन्म की तारीख क्या है । क्या 'क' के मृत पिता द्वारा किसी मित्र को लिखा हुआ पत्र, जिसमें यह बताया गया है कि 'क' का जन्म अमुक दिन हुआ, सुसंगत है ? 10

(a) Write short note on any **two** of the following :

(i) Judicial proceeding

(ii) Impeaching the credit of witness

(iii) Evidence of co-accused

(iv) Fact in issue

(b) 'A' is accused of fraudulently delivering to another person a counterfeit coin which, at the time when he delivered it, he knew to be counterfeit. Whether the fact that, at the time of its delivery, 'A' was possessed of a number of other pieces of counterfeit coin is relevant.

(c) The question is, what was the date of birth of 'A'. Whether a letter from 'A's deceased father to a friend, announcing the birth of 'A' on a given date is relevant ?

## खण्ड – स

## Group – C

8. (अ) यदि कोई मजिस्ट्रेट किसी व्यक्ति को बिना वारन्ट के गिरफ्तार करता है तो क्या उसे गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का आधार बताना आवश्यक होगा ? यदि हाँ, तो दण्ड प्रक्रिया संहिता के किस उपबन्ध के अन्तर्गत ? व्याख्या कीजिए । 10

(ब) सरकारी सेवक पर समन की तामील कैसे की जाती है ? 10

(स) एक मजिस्ट्रेट गलती से और सद्भावनापूर्वक किसी पुलिस अधिकारी को असंज्ञेय मामले में अन्वेषण करने का आदेश देता है, जिसके लिए वह सशक्त नहीं है । इस अनियमितता का कार्यवाही की वैधता पर क्या प्रभाव होगा ? 10

(द) क्या जम्मू-कश्मीर राज्य के भीतर किया गया अपराध दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत भारत के बाहर किया गया अपराध माना जायेगा ? कारण सहित उत्तर दीजिए । 10



P.T.O.

(a) When a Magistrate arrests a person without a warrant, is he required to inform the person arrested, of the grounds for such arrest ? If so, under which provision of Criminal Procedure Code. Explain.

(b) How summons is served on government servant ?

(c) A Magistrate, who is not empowered, erroneously and in goodfaith, orders the police officer to investigate into a non-cognizable case. What would be the effect of this illegality on the validity of the proceeding ?

(d) Can an offence committed within the State of Jammu and Kashmir be considered under provisions of Code of Criminal Procedure as an offence committed outside of India ? Answer with reasons.

9. (अ) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के अन्तर्गत स्थावर सम्पत्ति विषयक विवादों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए । 10

(ब) संक्षिप्त विचारण क्या है ? किन अपराधों का संक्षिप्त विचारण हो सकता है और किसके द्वारा ? 10

(स) मजिस्ट्रेट द्वारा अपराध का संज्ञान लेने का क्या अर्थ है ? किन परिस्थितियों में मजिस्ट्रेट अपराध का संज्ञान ले सकता है ? 10

(द) किन परिस्थितियों में एक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण की माँग कर सकती है ? क्या एक विवाहित महिला अपने पिता से भरण-पोषण पाने की हकदार है ? 10

(a) Give a short account of the procedure to be followed under Section 145 of Code of Criminal Procedure in case of dispute as to immovable property.

(b) What is summary trial ? What offences may be summarily tried and by whom ?

(c) What is meant by taking cognizance of an offence by Magistrate ? Under what circumstances can a Magistrate take cognizance of an offence ?

(d) Under what circumstances can a wife claim maintenance from her husband ? Is a married woman entitled to claim maintenance from her father ?

10. (अ) 'क' पर लोक सेवक 'ख' को उसके लोक कृत्य के निर्वहन में कथित समय पर और कथित स्थान में बाधित करने का अभियोग है । क्या आरोप में वह रीति उपवर्णित करनी होगी जिससे 'क' ने 'ख' को कृत्य के निर्वहन में बाधित किया ? कारण सहित उत्तर दीजिए । 10

(ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता में दिए हुए वारण्ट मामलों में विचारण सम्बन्धित सामान्य उपबन्धों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । 20

(स) परिवादी के हाजिर न होने या उसकी मृत्यु से मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मन मामलों में क्या असर होता है ? 10

(a) 'A' is accused of obstructing 'B', a public servant, in the discharge of his public functions at a given time and place. Whether the charge should set out the manner in which 'A' obstructed 'B' in the discharge of his functions ? Give answer with reason.

(b) Give a brief account of general provisions of trial in warrant cases as contained in Code of Criminal Procedure.

(c) What is the effect of non-appearance or death of complainant in a trial of summons cases by Magistrate ?

---

'A' is accused of [illegible] 'B', a public servant, in the discharge of his public functions [illegible]. Whether the charge should set out the manner in which 'A' obstructed 'B' in the discharge of his functions? [illegible]

Give a brief account of general provisions of trial in warrant cases as contained in Code of Criminal Procedure.

What is the effect of non-appearance or death of complainant in a trial of summons cases by Magistrate.

No. of Printed Pages : 4

# 2012

## विधि

**(दाण्डिक, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ)**

**तृतीय प्रश्नपत्र**

## LAW

**(Penal, Revenue and Local Laws)**

**Third Paper**

**निर्धारित समय : तीन घंटे ]** **[ अधिकतम अंक : 200**

**Time allowed : Three hours ]** **[ Maximum marks : 200**

**नोट :** अभ्यर्थी कुल मिलाकर छः प्रश्नों के उत्तर दें । प्रश्न संख्या **1** और **2** अनिवार्य हैं तथा शेष **दो-दो** प्रश्न **खण्ड – अ** और **खण्ड – ब** से होने चाहिये । प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके अन्त में दिये हुए हैं ।

**Note :** Candidates should answer **six** questions in all. Question Nos. **1** and **2** are compulsory and rest **two** each should be from **Section – A** and **Section – B.** Marks carried by each question are indicated at its end.

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये :
   (अ) नगरपालिका के स्वास्थ्य-अधिकारी के कर्त्तव्य । 10
   (ब) नगरपालिका के द्वारा अनिवार्य भूमि-अधिग्रहण । 10
   (स) नगरपालिका के कर्त्तव्य । 10
   (द) नगरपालिका का कर लगाने का अधिकार । 10
   Write short notes on the following :
   (a) Duties of Medical Officer of Municipality.
   (b) Compulsory acquisition of land by Municipality.
   (c) Duties of Municipality.
   (d) Power of Municipality to impose tax.

2. निम्नलिखित की विवेचना कीजिये :
   (अ) ग्राम पंचायत का गठन और कार्य 10
   (ब) सहायक चकबन्दी अधिकारी 5
   (स) उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ 10
   (द) खातेदार 5
   Discuss the following :
   (a) Constitution and function of Gram Panchayat.
   (b) Assistant Consolidation Officer.
   (c) Salient features of U.P. Panchayat Raj Act.
   (d) Tenure-Holders.



P.T.O.

## खण्ड – अ

## Section – A

3. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम द्वारा जोत-भूमि के विखण्डन और बृहत् जोत-भूमि प्राप्त करने को रोकने के उपबन्धों की विवेचना कीजिये । **20**

   (ब) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की काश्तों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये । **20**

   (a) Discuss the provisions under the U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act for the prevention of fragmentation of holding and acquisition of large holdings.

   (b) Write brief note on different classes of tenures under the U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act.

4. (अ) अतिक्रमणी कौन है ? ग्राम-सभा की भूमि से अतिक्रमणी को बेदखल करने की प्रक्रिया की विवेचना कीजिये । **20**

   (ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिये :

   (i) माल गुजारी की बकाया राशि वसूलने की प्रक्रिया । **10**

   (ii) बोर्ड ऑफ रेवन्यू (राजस्व बोर्ड) **10**

   (iii) मध्यवर्ती **10**

   (a) Who is a trespasser ? Discuss the procedure for the ejectment of a trespasser of a land belonging to Gram Sabha.

   (b) Write short notes on any **two** of the following :

   (i) The procedure for the recovery of arrears of land revenue.

   (ii) Board of Revenue.

   (iii) Intermediatery.

5. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिकर अधिकारी और पुनर्वास अनुदान (ग्रांट) अधिकारी के कर्त्तव्यों की विवेचना कीजिये । **20**

   (ब) न्यायालय द्वारा अनुसरण किए जाने वाली प्रक्रिया बताइए जब किसी भूमिधर द्वारा धारित भूमि से सम्बद्ध यह वाद उठे कि विचाराधीन भूमि कृषि, उद्यानकरण या पशुपालन से सम्बद्ध प्रयोजनों के निमित्त प्रयुक्त हो रही है या नहीं और ऐसी भूमि के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 143 अथवा धारा 144 के अन्तर्गत घोषणा न की गई हो । **20**

   (a) Discuss the duties of Compensation Officer and Rehabilitation Grants Officer under U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act.

   (b) State the procedure to be followed by the Court when the plea that the land is or is not being used for the purposes connected with agriculture, horticulture or animal husbandry is raised in any suit relating to land held by a Bhumidhar and the declaration has not been made in respect of such land under Sec. 143 or Sec. 144 of the Act.

6 (अ) उत्तर प्रदेश भूमि राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत कमिश्नर की शक्तियों की विवेचना कीजिये । 20

(ब) राजस्व न्यायालय और राजस्व अधिकारी में अन्तर स्पष्ट कीजिये । 10

(स) दाखिल खारिज तथा संशोधन प्रक्रियाओं का अन्तर स्पष्ट कीजिये । 10

(a) Discuss the powers of the Commissioner under U.P. Land Revenue Act.

(b) Distinguish between Revenue Court and Revenue Officer.

(c) Distinguish between mutation and correction proceedings.

## खण्ड –ब

## Section – B

7. (अ) "केवल कार्य किसी को अपराधी नहीं बनाता यदि उसका मन (मनोभावना) भी अपराधी न हो" के सिद्धान्त की विवेचना कीजिये और इस सिद्धान्त के अपवाद बताइये । 15

(ब) उन परिस्थितियों की विंवेचना कीजिये जिनके अन्तर्गत "चित्त विकृति" का बचाव भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अनुसार होता है । 5

(स) 'अ' चोरी करने के इरादे से 'ब' के घर में प्रवेश करता है । 'ब' तथा उसके घर के अन्य सदस्य 'अ' को घेरकर लाठियों से आक्रमण करते हैं । 'अ' अपने जीवन को संकट में पाकर पिस्तौल निकाल कर गोली चला देता है जिससे 'ब' की मृत्यु हो जाती है । 'अ' ने क्या अपराध किया है ? स्पष्ट कीजिये । 5

(a) Critically examine the maxim "*Actus non facit reum nisi sit rea*" and state its exceptions.

(b) Discuss the circumstances under which unsoundness of mind is a defence under Indian Penal Code.

(c) 'A' entered the house of 'B' with the intention of committing theft. 'B' and other members of his family surrounded and attacked 'A' with lathies. Finding his life in danger, 'A' whipped out a revolver and fired causing death of 'B'. Explain what offence 'A' has committed.

8. (अ) आन्यविक (मिली-जुली) आपराधिकता से सम्बन्धित विधि की व्याख्या कीजिये और 'सामान्य आशय' और 'सामान्य उद्देश्य' का अन्तर स्पष्ट कीजिये । 15

(ब) 'प' ने 'फ' को, जिसकी तिल्ली बढ़ी हुई थी, ठोकर मार दी जिसके परिणामस्वरूप तिल्ली फट गई और 'फ' की मृत्यु हो गई । कारण सहित बताइये कौन सा अपराध हुआ । 5

(स) 'सदोष परिरोध' के आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिये और 'सदोष अंवरोध' से उसकी भिन्नता बताइये । 5

(a) Explain the law relating to constructive criminality and bring out the distinction between "common intention" and "common object".

(b) 'X' gave a kick to 'Y', who had enlarged spleen. As a result of the kick, the spleen was ruptured and 'Y' died. Giving reason, state what offence has been committed ?

(c) Discuss the essentials of 'wrongful confinement' and distinguish it with 'wrongful restraint'.

9. (अ) भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार "गम्भीर तथा अचानक उत्तेजना" से सम्बन्धित विधि की विवेचना कीजिये और बताइए यह किस सीमा तक अभियुक्त की हत्या के उत्तरदायित्व को कम कर देता है । निर्णीत वादों के दृष्टान्त से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये । 15

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में अन्तर स्पष्ट कीजिये :

(i) व्यपहरण और अपहरण 5

(ii) हमला और आपराधिक बल 5

(iii) दंगा और हंगामा 5

(a) Discuss the law relating to "grave and sudden provocation" as laid down in the Indian Penal Code and state the extent to which it may mitigate the responsibility of the accused for the offence of murder. Refer the case laws to illustrate your answer.

(b) Distinguish any **two** of the following :

(i) Kidnapping and abduction

(ii) Assault and criminal force

(iii) Riot and Affray

10. (अ) विश्वविद्यालय के छात्र नेता ने आत्मदाह की घोषणा की । उसने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लकड़ी के लट्ठे इकट्ठा करवाये और उस पर मिट्टी का तेल छिड़का । बाद में वह लकड़े के ढेर पर चढ़ गया और अपने ऊपर भी मिट्टी का तेल छिड़का । इतने में पुलिस आ गई और उस पर 'आत्महत्या करने के प्रयास' का मुकदमा दर्ज किया । तर्क सहित उत्तर दीजिये कि क्या छात्र के द्वारा कथित अपराध किया गया । 10

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिये :

(i) तथ्य की भूल 5

(ii) घोर उपहति 5

(iii) कूट रचना 5

(स) आपराधिक दुर्विनियोग की व्याख्या कीजिये और आपराधिक न्यास भंग से इसका अन्तर बताइये । 5

(a) A student leader of a University declared himself for self-immolation. He got logs piled up in front of the main gate of the University and sprinkled kerosene oil over it. Thereafter he climbed over the pile of wood and sprinkled kerosene oil upon himself too. In the mean time the police came and registered a case of "attempt to commit suicide". Answer, giving reason whether the student is guilty of committing the said offence.

(b) Write note on any **two** of the following :

(i) Mistake of fact

(ii) Grievous hurt

(iii) Forgery

(c) Explain criminal misappropriation and distinguish it from criminal breach of trust.

---